भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †1096

सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**बांग्लादेशी पर्यटकों का आगमन**

**†1096. श्री जगन्नाथ सरकारः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान बांग्लादेश से देश में आने वाले पर्यटकों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश के उन राज्यों का ब्यौरा क्या है जहां ये पर्यटक सबसे अधिक आते हैं तथा क्या भारत में ऐसे विशिष्ट पर्यटक आकर्षण हैं जो बांग्लादेश से आने वाले पर्यटकों के बीच विशेष रूप में लोकप्रिय हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बांग्लादेश से पर्यटकों के आने से देश की स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन उद्योग पर पड़ने वाले प्रभाव का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या जुलाई 2024 से देश में विशेष रूप से बांग्लादेश में चल रहे संकट के मद्देनजर आने वाले बांग्लादेशी पर्यटकों की संख्या में कमी आई है; और

(ङ) यदि हां, तो गत वर्ष की तुलना में पर्यटकों की संख्या में आई कमी का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): आप्रवासन ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019-2024 (अगस्त तक) के दौरान बांग्लादेश से भारत में विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) का विवरण नीचे दिया गया है:-

| **वर्ष** | **एफटीए** |
|---|---|
| 2019 | 25,77,727 |
| 2020 | 5,49,273 |
| 2021 | 2,40,554 |
| 2022 | 12,77,557 |
| 2023 | 21,19,826 |
| 2024 (अगस्त तक) (अ) | 12,85,783 |

(अ): अनंतिम

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

(ख): पर्यटन मंत्रालय राज्य-वार और आकर्षण-वार विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) संबंधी आंकड़े तैयार नहीं करता है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय द्वारा बांग्लादेश से आने वाले पर्यटकों का देश की स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन उद्योग पर पड़ने वाले प्रभाव संबंधी मूल्यांकन करने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया गया है।

(घ) और (ड.): जुलाई और अगस्त, 2024 में बांग्लादेश से विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) में वर्ष 2023 में इन्हीं महीनों की तुलना में गिरावट देखी गई है। इसका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*******

**अनुबंध**

श्री जगन्नाथ सरकार द्वारा बांग्लादेशी पर्यटकों का आगमन के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1096 के भाग (घ) और (ड.) के उत्तर में **विवरण**

बांग्लादेश से भारत में विदेशी पर्यटक आगमन:-

| **माह** | **2023** | **2024 (अ)** | **वृद्धि दर (2024/23)** |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 1,63,793 | 1,52,976 | -6.60 |
| फ़रवरी | 1,80,317 | 1,91,965 | 6.46 |
| मार्च | 1,98,463 | 1,65,208 | -16.76 |
| अप्रैल | 1,62,009 | 1,7,1122 | 5.62 |
| मई | 1,76,330 | 1,47,091 | -16.58 |
| जून | 1,77,091 | 2,01,162 | 13.59 |
| जुलाई | 1,96,991 | 1,57,086 | -20.26 |
| अगस्त | 1,60,164 | 99,173 | -38.08 |
| सितंबर | 1,73,982 | - | - |
| अक्टूबर | 1,77,917 | - | - |
| नवम्बर | 1,63,776 | - | - |
| दिसंबर | 1,88,993 | - | - |
| कुल (जनवरी-अगस्त) | 14,15,158 | 12,85,783 | -9.14 |
| कुल | 21,19,826 | - | - |

(अ): अनंतिम

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

*******